*नैक (NAAC) द्वारा “A” ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## रोठा में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर

# सफलता हेतु व्यक्तित्व विकास जरूरी - डॉ. सतीश पावडे

वर्धा, 9 मार्च 2018: युवाओं में सामाजिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एक महत्वपूर्ण जरिया है। विशेष शिविर के आयोजन से विद्यार्थियों में




समाज के प्रति उत्तदायित्व की भावना विकसित होने में मदद मिलती है। जीवन में सफल होने के लिए व्यक्तित्व विकास अहम है। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग के सहायक प्रोफेसर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना हिंदी विवि इकाई के पूर्व संयोजक डॉ. सतीश पावडे ने व्यक्त किये। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा

योजना की ओर से रोठा गांव में 7 से 13 मार्च तक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है । शिविर के उदघाटन के बाद 'व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका' विषय पर बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने संबोधित किया।

डॉ. पावडे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को लोगों से सीधा संवाद करने का मौला मिलता है और अनेक कार्यक्रम एवं उपक्रमों के माध्यम से वें अपना व्यक्तित्व गढ़ सकते हैं। कार्यक्रम में शिविर में शामिल स्वयंसेवक विद्यार्थी, रोठा गांव के नागरिक उपस्थित थे।

-----------------------------------------------------------------------------------------

**रोठा येथे राष्ट्रीय सेवा योजनेचे विशेष शिबिर**

## यशस्वीतेसाठी व्यक्तित्व विकास आवश्यक - डॉ. सतीश पावडे

वर्धा, 9 मार्च 2018: सामाजिक सेवेच्या माध्यमातून व्यक्तिमत्व विकास साध्य करता येतो. राष्ट्रीय सेवा योजनेतून विद्यार्थ्यांना यशस्वी होण्यासाठी दिशा मिळते असे प्रतिपादन महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील प्रदर्शनकारी कला विभागाचे सहायक प्रोफेसर तथा राष्ट्रीय सेवा योजनेचे माजी संयोजक डॉ. सतीश पावडे यांनी केले. राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या वतीने रोठा येथे 7 से 13 मार्च असे सात दिवस विशेष शिविर आयोजित करण्यात आले. शिबिराच्या उदघाटनानंतर 'व्यक्तिमत्व विकासात राष्ट्रीय सेवा योजनेची भूमिका' या विषयावर बौद्धिक सत्र घेण्यात आले. यावेळी अनुवाद व निर्वचन विद्यापीठातील सहायक प्रोफेसर डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक राजेश लेहकपुरे, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे यांनी आपले मत मांडले.

डॉ. पावडे म्हणाले की राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या विशेष शिबिराच्या माध्यमातून विद्यार्थ्यांना लोकांशी थेट संवाद करण्याची संधी मिळते आणि अनेक कार्यक्रम व उपक्रमांच्या आयोजनातून ते आपले व्यक्तिमत्व घडवू शकतात. यावेळी राष्ट्रीय सेवा योजनेचे स्वयंसेवक विद्यार्थी, रोठा गावातील नागरिक आणि शाळकरी मुले मोठया संख्येने उपस्थित होते.